भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2202

15 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

अनुकंपा पर नियुक्ति

2202. श्री ए. गणेशमूर्ति :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान रक्षा उपक्रमों में नौकरी करने वाले/प्रदाता की मृत्यु पर आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु उपक्रम-वार कितने आवेदन लंबित हैं;

(ख) क्या सरकार ने पूर्ववर्ती ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) के निगमीकरण के बाद आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के प्रावधान को जारी रखने के लिए कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) तमिलनाडु सहित कारपोरेट ओएफबी के पास लंबित ऐसे आवेदेनों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या सरकार का मानवीय आधार पर उनके पक्ष में विचारार्थ हेतु रक्षा उपक्रमों में ऐसे लंबित मामलों की समीक्षा करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) : विगत तीन वर्षों के दौरान रक्षा उपक्रमों में नौकरी करने वाले/प्रदाता की मृत्यु पर आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु लंबित आवेदन निम्नानुसार हैं:

भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड	65
भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड	184
म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड	294
आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड	86
यंत्र इंडिया लिमिटेड	151
एडवांस्ड वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड	226
ट्रूप्स कम्फर्ट लिमिटेड	127
इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड	98
ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड	19
कुल	1250

(ख) और (ग): आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के पश्चात आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति को जारी रखने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है ।

(घ): तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कारपोरेट ओएफबी के पास लंबित [जैसा कि भाग (क) में दर्शाया गया है] ऐसे आवेदनों की संख्या:

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**लंबित आवेदन**
म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड	मध्य प्रदेश	66
	महाराष्ट्र	164
	ओडिशा	41
	तमिलनाडु	23
आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड	तमिलनाडु	38
	तेलंगाना	18
	महाराष्ट्र	7
	मध्य प्रदेश	23
यंत्र इंडिया लिमिटेड	पश्चिम बंगाल	24
	मध्य प्रदेश	20
	महाराष्ट्र	78
	उत्तर प्रदेश	29

एडवांस्ड वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड	उत्तर प्रदेश	83
	तमिलनाडु	26
	मध्य प्रदेश	38
	पश्चिम बंगाल	79
ट्रूप्स कम्फर्ट लिमिटेड	तमिलनाडु	18
	उत्तर प्रदेश	109
इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड	उत्तराखंड	83
	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	15
ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड	उत्तर प्रदेश	19
कुल		1001

(ङ): कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के परामर्श अनुसार डीपीएसयू के कर्मचारियों से संबंधित नियुक्ति आदि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कर्मचारियों पर लागू नियमों/निर्देशों और डीपीएसयू को हस्तांतरित पदों के लिए बनाए गए भर्ती नियमों द्वारा अभिशासित होंगी ।

*****